24/04/2025

आकाशवाणी ईटानगर

पहलगाम आतंकी हमले के मद्देनजर सरकार द्वारा बुलाई गई सर्वदलीय बैठक नई दिल्ली में चल रही है। बैठक संसद भवन परिसर में हो रही है। बैठक की अध्यक्षता रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह कर रहे हैं। गृह मंत्री अमित शाह, विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण, भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी और मल्लिकार्जुन खड़गे, संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू, डीएमके के तिरुचि शिवा, एनसीपी नेता प्रफुल्ल पटेल, एनसीपी-एसपी की सुप्रिया सुले, एसपी के. राम गोपाल यादव, आम आदमी पार्टी के संजय सिंह, आरजेडी के प्रेम चंद गुप्ता, वाईएसआरसीपी के पी.वी. मिधुन रेड्डी, टीएमसी के सुदीप बंद्योपाध्याय समेत कई नेता सर्वदलीय बैठक में शामिल हो रहे हैं। बैठक के दौरान पहलगाम आतंकी हमले में मारे गए निर्दोष लोगों के सम्मान में दो मिनट का मौन रखा गया।

0000000000000000000

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल रिटायर्ड के.टी. परनाइक ने राज्य के लोगों, खासकर तांगसा समुदाय को मोह-मोल के पावन अवसर पर हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कामना की है कि, यह उत्सव राज्य में शांति, सद्भाव और समृद्धि लाएं। अपने संदेश में राज्यपाल ने कहा कि मोह-मोल, कृषि आधारित त्योहार है, जो बुवाई के मौसम की शुरुआत एवं आशा, नवीनीकरण और कृतज्ञता का प्रतिक है। यह उत्सव तांगसा समुदाय की जीवंत संस्कृति और प्रकृति के साथ गहरे संबंध की गहन

अभिव्यक्ति है। उन्होंने कहा कि मोह-मोल जैसे उत्सव हमारी युवा पीढ़ी को अपनी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को सम्मान करने के साथ ही आगे बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित करते हैं। राज्यपाल ने कहा कि, यह देखना सचमुच उत्साहवर्धक है कि किस प्रकार तांगसा समुदाय ने अपने पूर्वजों की परंपराओं को पुरी निष्ठा के साथ संरक्षित रखा है तथा उन्हें गर्व और प्रेम के साथ एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी तक पहुंचाया है।

0000000000000000000

मुख्य सचिव मनीष कुमार गुप्ता ने आज प्रधानमंत्री के सलाहकार तरुण कपूर के साथ एक उच्च स्तरीय बैठक की सह-अध्यक्षता की, जिसमें राज्य में कई महत्वपूर्ण बुनियादी ढाँचे और विकास परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा और आकलन किया गया। सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में मुख्य सचिव ने बताया कि बैठक में उत्तर पूर्व सीमांत राजमार्ग, ट्रांस्मिशन एवं वितरण प्रणाली को मजबूत करने की व्यापक योजना और सोलिड वेस्ट मैनेजमेंट जैसी प्रमुख पहलों पर ध्यान केंद्रित किया गया। बैठक में राज्य के व्यापक विकास के लिए रोडमैप के रूप में कृषि और पनबिजली में उभरते अवसरों पर भी चर्चा की गई। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के सलाहकार ने रणनीतिक मार्गदर्शन प्रदान किया है जो राज्य को अपने विकासात्मक दृष्टिकोण को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण रूप से सहायता प्रदान करेगा।

0000000000000000000

उपमुख्यमंत्री चउना मेन ने आज गुवाहाटी स्थित अरुणाचल भवन में भारत रत्न डॉ. भूपेन हजारिका के जन्म शताब्दी समारोह के लिए

भूपेन हजारिका सांस्कृतिक ट्रस्ट और आयोजन समिति के साथ बैठक की अध्यक्षता की। सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में श्री मेन ने यह जानकारी साझा की है कि, बैठक में अगले साल 13 सितंबर को राज्य में उनके जन्म स्थान पर उन्हें श्रद्धांजलि देने की योजना बनाई जा रही है। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि, शताब्दी समारोह में सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ, स्थानीय कलाकारों द्वारा भूपेंद्र संगीत की क्यूरेट की गई प्रस्तुतियाँ और असम एवं अरुणाचल के बीच सांस्कृतिक आदान-प्रदान कार्यक्रम शामिल होंगे। समारोह में डॉ. हजारिका की स्थायी विरासत और राज्य के साथ उनके गहरे भावनात्मक बंधन को भी दर्शाया जाएगा।

0000000000000000000

गत 22 अप्रैल को पहलगाम आतंकी हमले में शहीद कॉर्पोरल तागे हैलियांग का पार्थिव शरीर आज सुबह लोअर सुबनसिरी जिले के उनके गृह नगर जीरो में लाया गया है। आज उनके निवास पर श्रद्धांजलि देने के लिए सभी वर्गों के लोग एकत्रित हुए, जिनमें मुख्यमंत्री पेमा खांडू भी शामिल हैं। सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हुए श्री खांडू ने कहा कि, यह क्षति अपूरणीय है और राज्य के लोग इस दुख की घड़ी में उनके परिवार के साथ हैं। स्वर्गीय तागे के बलिदान को सम्मान देते हुए श्री खांडू ने शोक संतप्त परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी, 50 लाख रुपये की वित्तीय सहायता और उनके पैतृक गांव में एक स्थायी स्मारक बनाने की घोषणा की है। कल सुबह शहीद का पूरे सैन्य सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया जाएगा। 0000000000000000000

ईटानगर मौसम विभाग ने आज राज्य के तवांग, पापुम पारे, लोअर सुबनसिरी, कामले, लेपा रादा, अपर सियांग, लोअर सियांग, दिबांग वैली, अंजाव, चांगलांग और तिराप जिले के लिए येलो अलर्ट जारी किया है। विभाग के अनुसार इन जिलों में अगले 24 घंटो में अलग अलग स्थानों पर ग़रज के साथ बिजली गिरने और तेज बारीश होने की संभवना है। वहीं ईस्ट सियांग, लोअर दिबांग वैली, नामसाई और लोहित जिले के लिए ओरेंज अलर्ट भी जारी किया है, विभाग के अनुसार इन जिलों में ग़रज के साथ बिजली गिरने और बहुत तेज बारीश होने की संभवना है।     0000000000000000000

कल भाजपा अरुणाचल प्रदेश इकाई द्वारा ईटानगर स्थित भाजपा मुख्यालय में **वक्फ सुधार जनजागरण अभियान** पर राज्य स्तरीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। सभा को संबोधित करते हुए राज्य के विधि एवं जनजातीय मामलों के मंत्री कैंतो जिनी ने वक्फ (संशोधन) और इसके लाभों पर प्रकाश डाला तथा सुधार के महत्व और नए कानून के तहत शुरू किए गए लाभों पर जोर दिया।

0000000000000000000